तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **गोविन्द राजपुरोहित बनाम लो.सू.अ. (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अ. अपील संख्या 105/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08-06-2022	अपीलार्थी गोविन्द राजपुरोहित पुत्र मोहनलाल उर्फ मोहनसिंह राजपुरोहित, पता म.नं. 18, द्वितीय बी रोड़, सरदारपुरा, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 29.03.2022 में (1) प्रार्थी के द्वारा कलक्टर (जागिर) जोधपुर के दो आज्ञा पत्र दिनांक 25.01.1985 की सत्यप्रतिलिपि हेतु कार्यालय तहसीलदार जोधपुर की एकल खिड़की शाखा के द्वारा जारी की गई प्राप्ति रसीद संख्याओं 5042 व 5043 के अनुसार प्रार्थी को सत्यापित प्रतिलिपि नहीं दी गई तथा सत्यापित प्रतियां नहीं दिये जाने के कारण की जानकारी व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर जोधपुर कार्यालय) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) से जरिये पत्रांक 648 दिनांक 20.05.2022 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी के आवेदन पत्र में वर्णित सूचना प्रभारी अधिकारी, अभिलेख शाखा, कार्यालय हाजा से संबंधित होने से आवेदन पत्र की छाया प्रति धारा 5(4)के तहत कार्यालय पत्रांक 427 दिनांक 01.04.22 द्वारा प्रेषित कर सात दिवस में इस कार्यालय को भिजवाने हेतु लिखा गया, परन्तु अभिलेख अनुभाग से अभी तक अपेक्षित होने से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराया जाना सभव नहीं है। उक्त रिपोर्ट के पश्चात् अन्य रिपोर्ट क्रमांक 720 दिनांक 03.06.2022 भी प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रभारी अधिकारी, अभिलेख, कार्यालय हाजा से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को इस कार्यालय के क्रमांक [illegible] दिनांक 01.06.2022 द्वारा 01 पृष्ठ की सूचना प्रेषित की जा चुकी है। अपीलार्थी/प्रार्थी को लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना से अवगत करा दिया गया है ऐसी स्थिति में अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.24 18:19:17 IST
Reason: SelfAttested